देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 115 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
खुराफाती रवैया



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 2 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 24.0⁰ | 37606.89

2 अपने ही देश में घिरे पीएम ओली
7 डीआरएस होता तो पहले ही 10 आउट होते

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की आधी रात को की गई कार्यवाही निंदनीय: धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने वरिष्ठ पत्रकार व सांध्य दैनिक क्राइम स्टोरी के संपादक राजेश शर्मा पर पुलिस द्वारा आधी रात को की गई कार्यवाही की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस को उनके परिवार वालों को बतना चाहिए कि किस अपराध में गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ कोई मुकदमा है एक पत्रकार के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही नहीं है और कोई वारंट है, पुलिस की इस प्रकार की कार्यवाही की जितनी निंदा की जाये कम है।

### नई शिक्षा नीति से आत्मनिर्भर होगा युवा: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार शाम को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2020 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान की सदी है और तेजी से बदली दुनिया में भारत को भी तेजी से बदलना होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें पहले की कमियों को दूर किया गया है।

### सुशांत केस पर नीतीश, पिता करेंगे मांग तो सीबीआई जांच संभव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा बयान दिया है। एक न्यूज चौनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सुशांत के पिता कहेंगे तो सीबीआई जांच संभव है। नीतीश कुमार ने कहा कि मुंबई पुलिस को बिहार पुलिस के साथ जांच में सहयोग करना चाहिए। सीनियर एडवोकेट को इस काम के लिए लगाया गया है, मजबूती के साथ जिम्मेदारी को निभाया गया है। वहीं पूरे मामले में ऐसी खबरें आ रही कि मुंबई पुलिस जांच के लिए पहुंची बिहार पुलिस को सहयोग नहीं कर रही है।

# उत्तरकाशी में बनेगा स्नो लैपर्ड कंजर्वेशन सेंटर

## सीएम ने राज्य में हिम तेंदुओं की गणना के भी दिए निर्देश

**संवाददाता**

■संरक्षण केंद्र जिले के भैरों घाटी के लंका क्षेत्र में बनाया जाएगा



देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी वन प्रभाग क्षेत्र में देश का पहला स्नो लैपर्ड कंजर्वेशन सेंटर बनाया जाएगा। यह संरक्षण केंद्र जिले के भैरों घाटी के लंका क्षेत्र में बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने राज्य में हिम तेंदुओं की गणना के भी निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि विभिन्न शोधों के आधार पर उत्तराखंड में अभी 86 हिम तेंदुए मिले हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत और वन विभाग के अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक की। इस दौरान सीएम रावत ने निर्देश दिए कि राज्य में हिम तेंदुओं की गणना की जाए। हिम तेंदुओं के सरंक्षण और इनकी संख्या में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किए जाए। पिछले कुछ वर्षों में जिन क्षेत्रों में हिम तेंदुए देखे गए हैं। स्थानीय लोगों और सैन्य बलों के सहयोग वन विभाग द्वारा ऐसे क्षेत्र चिह्नित किए जाए। ऐसे क्षेत्रों में ग्रिड बनाकर इनकी गणना की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम तेंदुए और अन्य वन्य जीवों के संरक्षण से राज्य में विंटर टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में वन्य जीवों की अनेक प्रजातियां हैं, जो पर्यटकों के आर्कषण का केंद्र बनती हैं। वन्य जीवों की लुप्त हो रही प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में प्रयासों की जरूरत है। आज वन्य जीवों के संरक्षण के लिए लोग भी जागरूक हैं। उत्तराखंड के प्राकृतिक और नैसर्गिक सौन्दर्य में वन और वन्य जीवों का महत्वपूर्ण योगदान है। बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ जिले में हिम तेंदुए अधिक मात्रा में देखे गए हैं। अभी तक इनकी गणना नहीं की गई है।

विभिन्न शोधों के आधार पर उत्तराखंड में अभी 86 हिम तेंदुए हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पिछले कुछ सालों में वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर प्रो. एन फिन्स्ट्रा ने हिम तेंदुए के संरक्षण केंद्र पर विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में प्रमुख सचिव वन और पर्यावरण आनन्द बर्द्धन, प्रमुख वन संरक्षक जयराज, चीफ कंजरवेटर वाइल्डलाइफ रंजना काला, राजीव भरतरी, जीएस सुहाग और वन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान के खिलाफ चाल चल रहा नेपाल?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ बयानबाजी के बीच क्या नेपाल पड़ोसी देश चीन के साथ मिलकर कोई चाल भी चल रहा है? यह सवाल लिपुलेख के पास चीनी सेना की बढ़ती गतिविधियों के बाद उठ रहा है। पता चला है कि लद्दाख में चीन भले सैनिकों को पीछे हटाने की बात कर रहा है लेकिन उसने लिपुलेख इलाके में एलएसी के पार अपने एक हजार सैनिक तैनात किए हैं। लिपुलेख इलाका भारत, नेपाल और चीन की सीमाओं को मिलानेवाली जगह है जो पिछले दिनों से काफी चर्चा में है।

मिली जानकारी के मुताबिक, चीन लद्दाख के बाद अब लिपुलेख में अपनी सेना तैनात कर रहा है। उसने सैनिकों की एक बटालियन मतलब करीब 1 हजार से ज्यादा जवान लिपुलेख के पास तैनात कर दिए हैं। हालांकि, भारत ने भी उतने ही जवान अपने क्षेत्र में तैनात कर दिए हैं। भारत और चीन के बीच करीब तीन महीने से लद्दाख में तनाव चल रहा है। करीब 45 साल बाद वहां 15 जून को बॉर्डर पर हिंसा हुई, जिसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए वहीं चीन के भी 40 जवान मारे जाने की खबर थी। अब जब लद्दाख में बातचीत के बाद दोनों देशों की सेनाएं धीरे-धीरे पीछे हो रही हैं तो चीन ने लिपुलेख में चाल चली है।

सूत्रों के मुताबिक, चीन सेना यानी पीएलए के सैनिक एलएसी के पार लिपुलेख इलाके में देखे गए हैं।

**चाल**

लिपुलेख के करीब चीन ने तैनात किए 1 हजार जवान

**नेपाल ने किया था लिपुलेख पर दावा**

लिपुलेख पास वही इलाका है जहां से भारत ने मानसरोवर यात्रा के लिए नया रूट बनाया है। यह पिछले दिनों तब चर्चा में आया था जब नेपाल ने यहां भारत की बनाई 80 किलोमीटर की सड़क पर एतराज जताया था। फिर नेपाल ने अपने यहां नया नक्शा पास कर विवाद बढ़ा दिया था। इसमें कालापानी, जिसमें लिपुलेख भी शामिल था उसे अपना हिस्सा बताया था। फिलहाल भारत चीन के जितने सैनिकों की तैनाती करने के साथ-साथ नेपाल पर भी पूरी नजर रखे हुए है।

# नहीं रहे राज्यसभा सांसद अमर सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिंगापुर में इलाज के दौरान मौत

लखनऊ। लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे समाजवादी पार्टी (एसपी) के पूर्व नेता अमर सिंह का निधन हो गया है। बीमारी के चलते सिंगापुर के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। एक समय पर उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेताओं में गिने जाने वाले अमर सिंह समाजवादी पार्टी के मुखिया रहे मुलायम सिंह यादव के करीबियों में शामिल थे। इसी साल फरवरी में उन्होंने अमिताभ बच्चन से माफी भी मांगी थी।

अमर सिंह वर्तमान में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सांसद थे। 5 जुलाई 2016 को उन्हें उच्च सदस्या के लिए चुना गया था। समाजवादी पार्टी से अलग होने के बाद उनकी सक्रियता कम हो गई थी। हालांकि, बीमार होने से पहले तक उनकी करीबियां बीजेपी से बढ़ रही थीं। उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत 1996 में राज्यसभा का सदस्य चुने जाने के साथ ही हुई थी। इससे पहले वह 2002 और 2008 में भी राज्यसभा के लिए चुने जाते रहे हैं।

एसपी नेता मुलायम सिंह यादव के अलावा अमिताभ बच्चन के परिवार से भी अमर सिंह के बेहद करीबी रिश्ते रहे हैं।




*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in